**MULTIPURPOSE TRADING AND AGENCIES LIMITED**
**(CIN Number- L70101DL2002PLC115544)**
Phone/ Fax: 011-26316162, 011-26919899
Website : www.multipurposetrading.in E-mail: Info.mtalgroup@gmail.in
Regd. Office: B-1, Kalindi Colony, New Delhi-110065

Date: 07/11/2025

To,
BSE Limited
Corporate Relationship Department
Floor 25, PJ Towers, Dalal Street
Mumbai 400 001

**Subject: Newspaper clipping of the notice of Board Meeting.**

**SCRIP CODE - 504356**

Dear Sir,

The advertisement in newspaper, published as per Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, for intimation of Board Meeting to be held on 14th November, 2025 is enclosed for your kind reference & records.

Please take the above intimation on records and kindly acknowledge the receipt.

For Multipurpose Trading and Agencies Ltd.
For Multipurpose Trading & Agencies Ltd

Ashish Singh
Managing Director
Managing Director/Chairman
DIN:00066423

*North fired rockets during Hegseth visit, says S Korea;*

# US Defence Secy vows to fulfil Trump's nuke submarine pledge

**SEOUL : (AGENCY)**

North Korea fired multiple artillery rockets less than an hour prior to the visit by US defence chief Pete Hegseth to the Demilitarized Zone, separating it from South Korea, Seoul's military said on Tuesday. South Korean media Yonhap cited its Joint Chiefs of Staff (JCS) as saying that Pyongyang launched the rockets toward waters off the northern part of Yellow Sea also known as West Sea at around 4 pm on November 3 and that analysis of the weapons is being done.

The news agency further said that North Korea had also fired "another 10 artillery rocket shells" at around 3 pm on November 1 when South Korean President Lee Jae Myung and Chinese President Xi Jinping held summit talks in Gyeongju during the Asia-Pacific Economic Cooperation (APEC) summit. Meanwhile, Hegseth, while addressing a press conference today alongside his South Korean counterpart Ahn Gyu-back, said that Washington will make interagency efforts "in a deliberate manner" to help fulfill a pledge by US President Donald Trump for South Korea to build nuclear-powered submarines in a US shipyard. When asked about the possibility of the US forces stationed in South Korea being deployed in the event of a contingency in the Taiwan Strait, the Pentagon chief said the US will look at "flexibility" for US troops for regional contingencies and stressed the focus will remain on deterring North Korea. "We are focused on standing by our allies here in ensuring the threat of the DPRK is not a threat to the Republic of Korea and certainly continue to extend nuclear deterrence as we have before," he said, referring to North Korea by the acronym of its formal name, the Democratic People's Republic of Korea, Yonhap reported. Hegseth and Ahn held their annual security talks- Security Consultative Meeting (SCM) today. South Korean President Lee Jae Myung had asked US President Trump during their APEC summit meeting last week to allow Seoul to secure nuclear fuel supplies for conventionally armed submarines to track North Korean and Chinese vessels better, saying it would ease the operational burden for US forces.




Yonhap reported that Trump, in a social media post, said that he has given South Korea approval to build a nuclear-powered submarine (SSN)at a Philadelphia shipyard, run by South Korea's Hanwha Ocean. In a social media post on October 29, Trump declared that the South Korea-US alliance "is stronger than ever before and, based on that, I have given them approval to build a nuclear-powered submarine." In a separate post, Trump said, "South Korea will be building its Nuclear Powered Submarine in the Philadelphia Shipyards, right here in the good ol' U.S.A." Meanwhile.

# Indian-origin truck driver who killed 3 in US was sober during crash : Officials

**NEW YORK : (AGENCY)**

An Indian-origin driver who crashed his semi-truck killing three people in California last month was not driving while intoxicated, contrary to initial reports, but the case remains a grossly negligent homicide, US authorities have said. Jashanpreet Singh, 21, of Yuba City was arrested on October 21 under suspicion of 'driving under the influence' (DUI) and was charged with vehicular manslaughter with gross negligence as well as DUI causing injury in the multi-vehicle crash.

Three people were killed and several others seriously injured in the crash in Ontario, California. An updated complaint, filed last week, said that toxicology reports confirmed that none of the substances tested were present in Singh's blood at the time the test was rendered. "However, the case remains a grossly negligent homicide," the San Bernardino County District Attorney's Office said.



The updated complaint includes the three counts of vehicular manslaughter with gross negligence, as well as the new charge of 'reckless driving on a highway causing a specified injury'. Eyewitness and dashcam footage showed Singh travelling at a high speed into stopped traffic.

"This is a heinous tragedy that took three lives and severely injured others. Frankly, it was easily avoidable if the defendant was not driving in a grossly negligent manner and impaired. Had the rule of law been followed by State and Federal officials, the defendant should have never been in California at all," San Bernardino County District Attorney Jason Anderson had said. No bail was set for Singh, and authorities said they will continue to request no bail based on the seriousness of the offence and his flight risk. Singh, an illegal immigrant, had crossed the southern border of the US in 2022 and was released pending an immigration hearing, according to a report in Fox News last month. This is the second such incident since August in which an Indian-origin truck driver has been accused of causing a deadly crash in the US. On August 12, Harjinder Singh, 28, allegedly made an illegal U-turn in his tractor-trailer in Florida, causing a deadly crash which killed three people.

## UKPNP denounces move to merge PoJK and PoGB into Pakistan, calls it illegal occupation

**GENEVA : (AGENCY)**

In a strong statement posted on social media platform X, Sardar Nasir Aziz Khan, Spokesperson of the United Kashmir People's National Party (UKPNP), voiced firm opposition to any move aimed at making Pakistan-occupied Jammu and Kashmir (PoJK) a province of Pakistan or merging it into the country's federal structure. The statement said, "Both PoJK and Pakistan-occupied Gilgit Baltistan (PoGB) are historically and legally part of the former princely state of Jammu and Kashmir. These regions are not constitutional or legal parts of Pakistan. Any constitutional move or administrative attempt to merge PoJK or PoGB into Pakistan would be illegal."

The UKPNP spokesperson accused Pakistan of having "no legal authority over the State of Jammu and Kashmir." He stated, "Pakistan has no legal authority over the State of Jammu and Kashmir. She invaded the State of Jammu and Kashmir on 22 October 1947. Pakistan has no right to unilaterally alter or determine the future of the territories under its control." Calling for unity among all people of the region to "stand united against occupation, exploitation, and injustice" and appealed to the United Nations and the international community to help ensure PoJK's people's right to freedom. He added, "No one has the right to abolish our history, culture, identity, values, or occupy our land and natural resources." Pakistan-occupied Jammu and Kashmir (PoJK) came under Pakistan's control after its



tribal militias, backed by the Pakistani army, invaded the princely state of Jammu and Kashmir on 22 October 1947, leading to the first Indo-Pak war. The region remains under Pakistan's illegal occupation, divided into "Pakistan-occupied Jammu and Kashmir" and "Pakistan-occupied Gilgit Baltistan (PoGB)." Despite lacking constitutional rights or representation, the people face political suppression, censorship, forced disappearances, and restrictions on freedom of speech and movement. Human rights organisations have reported systematic abuses, including curbs on media, denial of fundamental rights, exploitation of natural resources, and persecution of pro-independence voices.

## Bangladesh JeI chief issues 'apology' for party's 'past mistakes' ahead of elections in February

**DHAKA : (AGENCY)**

Bangladesh Jamaat-e-Islami chief Shafiqur Rahman has issued an unconditional apology for what he termed the party's "past mistakes," ahead of national elections in February, The Diplomat reported. Speaking to reporters in New York on October 22, Rahman said, "From 1947 to today (October 22), whoever has suffered because of us, we seek their forgiveness, unconditionally."

However, critics argue that the apology lacks specificity and sincerity, as it does not explicitly acknowledge the party's complicity in the genocide and atrocities committed during the 1971 Liberation War. The apology does not clearly state what the party is apologising for, which leads to scepticism about its genuineness. "From 1947 to 2025, if on an unspecified day, an unspecified crime was committed," he said, "the apology was for that," added Rahman.

Reiterating his statement at the same event, Rahman added, "From 1947 until this moment of October 22, 2025...it is now 8:11 pm in New York--for all the suffering caused by us, on whomever, wherever--we apologised unconditionally," The Daily Star reported.

Notably, Jamaat-e-Islami collaborated with Pakistan during the Liberation War, and its leaders were



involved in war crimes and human rights violations. Al-Badr, Al-Shams, and Razakar were associates of the Pakistani Army during the 1971 war. These were the militias that mercilessly killed freedom fighters, intellectuals, women, and ordinary people, and the Jamaat formed them, reported The Diplomat.

Addressing longstanding calls for acknowledgement, Rahman said, "Some people said, even if you haven't committed any specific crime, your political decision was not acceptable. You could at least offer an apology." He also noted that Jamaat leaders had apologised before. "We had offered our apology at least three times. Professor Ghulam Azam apologised, Maulana Motiur Rahman apologised and I myself offered an apology," Rahman said. The party's attempt to seek forgiveness may be seen as a tactical move to revive its political fortunes ahead of the national elections. Referring to the recent release of party leader ATM Azharul Islam, he added, "Not only for 1971 but since 1947, if anyone had suffered or been harmed by Jamaat-e-Islami, I, on behalf of every individual and the organisation, offered unconditional apology. Please forgive us." Acknowledging that political organisations are not immune to mistakes, Rahman said, "Out of 100 decisions, 99 might have been right, but one could be wrong. That one wrong decision might have harmed the nation. So, if any of my decisions caused harm to the nation, what was the problem in asking forgiveness for that? Responding to criticism over his choice of words, he maintained, "After seeking forgiveness, some said it should not be in this language, or it should be in that language. I sought unconditional forgiveness, without any condition. What else was left?" He further stated that neither he nor his predecessors had ever claimed to be beyond reproach. "If any party claimed to be above mistakes, the nation would surely reject that. Why should our claim be accepted?" he said. Defending the intent behind his remarks, Rahman added, "For all the mistakes we had made, knowingly or unknowingly. , we were grateful to those who corrected us. And to those who were harmed by our mistakes, we sought forgiveness from them. Was there anything more to say? This was very clear and loud."

When an audience member suggested limiting the apology to 1971, Rahman replied, "Had we made mistakes only in 1971? Not at other times? And those who told us to apologise, were they angels? We didn't raise these questions about others because the more we raised issues from the past, the more the nation would be divided." Even today, countless families in Bangladesh carry the scars of 1971. It is said that millions of people were killed in that war. Notably, during Sheikh Hasina's tenure (2009-2024), the Jamaat-e-Islami's top leaders were tried and executed for war crimes, and the High Court canceled its registration.

## US shutdown deepens, flight delays mount as air traffic controllers skip work

**WASHINGTON : (AGENCY)**

The ongoing US government shutdown has stretched into its 34th day, worsening conditions across the country's airports as air traffic controllers, TSA screeners, and other essential workers continue working without pay, CNN reported. Air traffic controllers, many of whom are not showing up for duty or taking second jobs to manage expenses, have led to mounting flight delays and long queues at major airports, raising passenger concerns about safety and reliability. Nick Daniels, president of the National Air Traffic Controllers Association, told CNN News Central that the extended shutdown is putting increasing pressure on workers and compromising safety. "Every single day that this goes on tomorrow is now less safe.


**NORTHERN RAILWAY**

**TENDER NOTICE**
**(Through e-tendering)**

| | |
|---|---|
| **Name of work with its location** | S&T work in connection with provision of thick web switches in DLI-BTI section of Delhi Division. |
| **App.cost of the work** | Rs. 78,79,421.73/- |
| **Bid Security** | Rs. 1,57,600.00/- |
| **Address of the office** | Senior Divisional Signal & Telecom Engineer-C, Northern Railway, 3rd Floor, Annexe-1, DRM Office, New Delhi- 110055. |
| **Date & Time for uploading the tender/closing of the tender** | Tender uploading 03.11.2025 / closing date & time- 25.11.2025 up to 15.00 hrs. |
| **Website particular & notice board location where complete details of the tender can be seen etc.** | See the Northern Railway website www.ireps.gov.in & Notice board at the S&T branch, 3rd Floor, DRM office, State Entry Road, New Delhi-110055. |

**Tender No. : 558- Sig-16-M-TENDER-1465 Dated : 03.11.2025**

**SERVING CUSTOMER WITH A SMILE** 3416/2025



**NORTHERN RAILWAY**

**TENDER NOTICE No. 57/2025-2026 Dated: 04/11/2025**

**Invitation of Tenders through E-Procurement system**

**Principal Chief Materials Manager, Northern Railway, New Delhi - 110001, for and on behalf of the President of India, invites e-tenders through e-procurement system for supply of the following items :-**

| S.No. | Tender No. | Brief Description | Qty. | Closing Date |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 11251076 | STAINLESS STEEL STRAIGHT AIR BRAKE PIPE | 11018 MTR | 27-11-25 |
| 02 | 09255011 | LIGHT WEIGHT LOW HEIGHT 25 TON AXLE LOAD | 10 SET | 01-12-25 |
| 03 | 08250024 | LED SIGNAL LIGHTING UNIT | 2499 NOS | 03-12-25 |
| 04 | 07250309 | BRAKE CYLINDER WITH HAND BRAKE ARRANGEMENT | 158 NOS | 18-12-25 |

**Note : 1. Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details. 2. No Manual offer will be entertained.** 3432/2025

**SERVING CUSTOMERS WITH A SMILE**


# Trump threatens to cut funds if Zohran Mamdani wins mayoral election

**NEW YORK : (AGENCY)**

US President Donald Trump has warned voters that New York City will be a "complete and total economic and social disaster" and its "survival" will be at risk if Democratic candidate Zohran Mamdani wins the mayoral race, as he officially endorsed former governor Andrew Cuomo for the city's top post. In a post on Truth Social on election eve on Monday, Trump also threatened that he will send only the minimum-required federal funds to New York City if Mamdani wins the election and becomes the mayor. "If Communist candidate Zohran Mamdani wins the election for mayor of New York City, it is highly unlikely that I will be contributing federal funds, other than the very minimum as required, to my beloved first home, because of the fact that, as a Communist, this once great city has ZERO chance of success, or even survival! "It can only get worse with a



Communist at the helm, and I don't want to send, as president, good money after bad. It is my obligation to run the nation, and it is my strong conviction that New York City will be a Complete and Total Economic and Social Disaster should Mamdani win," Trump said on Truth Social. In an official endorsement of former New York State governor Cuomo in the final stretch of the mayoral election, Trump said, "Whether you personally like Andrew Cuomo or not, you really have no choice. You must vote for him, and hope he does a fantastic job. He is capable of it, Mamdani is not!" Indian-descent Mamdani, 34, born in Uganda and raised in NYC, is a New York State Assembly member and Democratic socialist running for mayor. He will face-off against Cuomo, who is running as an independent candidate, and the Republican nominee, Curtis Sliwa, on the ballots on Tuesday. Slamming Mamdani, Trump said his principles have been tested for over a thousand years, and never once have they been successful. "I would much rather see a Democrat, who has had a record of success, WIN, than a Communist with no experience and a record of COMPLETE AND TOTAL FAILURE," Trump said. Describing Mamdani as a "nothing" in his role as an Assemblyman, Trump said he "ranked at the bottom of the class and, as the mayor of potentially, again, the greatest city in the world, HE HAS NO CHANCE to bring it back to its former glory!" "We must also remember this – a vote for Curtis Sliwa (who looks much better without the beret!) is a vote for Mamdani," Trump said. Current NYC Mayor Eric Adams, whose administration has been plagued by scandals, dropped out of the mayoral race in September. November 4 is election day across the US, with polls to be held from 6 am to 9 pm. The early voting period, which commenced October 25, ended on Sunday. Mamdani, the son of acclaimed Indian filmmaker Mira Nair and Mahmood Mamdani, a Ugandan author of Indian ancestry.

## Buckingham Palace to stage largest-ever display of Queen Elizabeth II's fashion next year

**LONDON. (AGENCY)**

The largest-ever exhibition of the late Queen Elizabeth II's fashion, including the opulent gowns she wore for her wedding and coronation, will go on display at Buckingham Palace next



year to mark the centenary of her birth, officials said on Tuesday. The landmark royal exhibition will feature some 200 items -- about half of them never publicly displayed before -- that chart the monarch's life and her historic 70-year reign. Elizabeth, who died in September 2022 at 96, was the longest-reigning monarch Britain has ever known, and her clothing archive is considered one of the most important collections of 20th-century British fashion. She would have celebrated her 100th birthday on April 21, 2026.

Highlights include a tulle bridesmaid dress worn by an 8-year-old Princess Elizabeth in 1934 and many beautifully tailored couture dresses by the monarch's most influential designer, Norman Hartnell.

Hartnell was the man behind an apple-green gown the queen wore for a state banquet given for US President Dwight D Eisenhower in Washington in 1957; a pastel blue gown with matching jacket that Elizabeth wore for her sister Princess Margaret's 1960 wedding; as well as the queen's own wedding and coronation dresses. Visitors to the exhibition will also see items from Elizabeth's private, off-duty wardrobe, from her riding clothes and Harris tweed jackets to raincoats and headscarves. as well as design sketches and fabric samples that give an insight into the process of dressing her. While the queen was known for her elegant and conservative style, the collection includes.


**MULTIPURPOSE TRADING AND AGENCIES LIMITED**
**(CIN NUMBER- L70101DL2002PLC115544)**
**Reg. Office: B-1, Kalindi Colony, New Delhi-110065**
**Phone/ Fax: 011-26316162, 011-26919899**
**Website : www.multipurposetrading.in**
**E-mail: Info@multipurposetrading.in**

**Notice of board meeting**

Notice is hereby given pursuant to provision of the Regulation 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015 that the meeting of the Board of Directors of the Multipurpose Trading and Agencies Limited will be held on **Friday, the 14th Day of November, 2025 at 11:30 a.m.** at the Corporate office of the Company D-2, Kalindi Colony, New Delhi-110065 Inter-alia, to consider Un-Audited Financial Results of the Company for the Quarter/half year ended September 30, 2025.

Information in this regards is being also made available on the website of the Company **www.multipurposetrading.in** and Stock Exchange **www.bseindia.com**

**For Multipurpose Trading and Agencies Limited**
**Sd/-**
**Ashish Singh**
**Managing Director**

**Date: 04/11/2025**
**Place: Delhi**



**NORTHERN RAILWAY**

**National Rail Museum**
**Ministry of Railways**

**Sub: Expression of Interest for Empanelment of Vendors for Supply of Rail Theme Souvenirs**

Indian Railways invites Expression of Interest (EOI) from various agencies, artists, entrepreneurs, manufacturers, MSMEs, Start-ups, self help groups, and any other interested party involved in making miniature engine models, rail-themed toys, crockery, gifts, merchandise, etc. to empanel themselves as Empanelled Vendor of Indian Railways through IREPS portal www.ireps.gov.in and to design, develop, manufacturing and supply rail souvenirs to Railways, other Govt. Ministries/Depts. and to the general public through offline stores as well as GeM portal/IR website subject to the Souvenir Policy of Indian Railways and its amendments issued from time to time. The interested vendors may submit their application as Expression of Interest through IREPS portal. The last date and time of submitting the EOI is **15.30 hrs** on **05.12.2025**. The detailed terms and conditions of the EOI notice can be seen at IREPS portal and NRM website www.nrmindia.org.

For any query and clarification, the interested firms can reach out to following address:

**Office of the Director**
**National Rail Museum, Chanakyapuri, New Delhi-110021**
**Email ID: nrmoffice.india@gmail.com, souvenir.nrm.india@gmail.com**

3431/25

**Serving Customers with a Smile**

# बाराबंकी हादसे में 8 की मौत : हंसी-खुशी निकला परिवार... शाम को मिली मौत की खबर, लोग बोले- यकीन नहीं हो रहा

बाराबंकी (एजेंसी)

बाराबंकी के देवा-फतेहपुर मार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे में पति-पत्नी सहित आठ लोगों की मौत हो गई। दुर्घटनास्थल पर छह की जबकि दो की इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हुई। सोमवार की सुबह मौलवीगंज निवासी सराफा व्यापारी प्रदीप रस्तोगी अपने परिवार के साथ बिठूर गंगा स्नान को निकले थे। पड़ोसी बताते हैं, वे बेहद प्रसन्न थे और कहते हुए निकले थे गंगा मैया के दर्शन करके शाम तक लौट आएंगे। लेकिन शाम ढलते-ढलते उनके लौटने की खबर नहीं, बल्कि उनके और परिवार के लोगों की मौत की सूचना पहुंची।

हादसे की खबर जैसे ही फतेहपुर कस्बे में पहुंची, कई लोग रस्तोगी परिवार के घर की ओर दौड़े। मगर वहां पहुंचकर देखा तो घर पर ताला लटक रहा था। कोई यकीन नहीं कर पा रहा था कि सुबह हंसी-खुशी निकला परिवार कैसे दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया। फतेहपुर और मौलवीगंज में देर रात तक मातम पसरा रहा। दुकानों के शटर बंद घर के बाहर देर रात तक रिश्तेदारों और परिचितों की भीड़ रही। महिलाएं रो-रोकर बेसुध थीं।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक इतनी तेज रफ्तार से आ रहा था कि ब्रेक लगाने के बाद भी वह कुछ दूर तक घिसटता चला गया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर की। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि मृतकों की पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई है। ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना के बाद रस्तोगी परिवार के घर पर लोगों का तांता लग गया। देवा-फतेहपुर मार्ग पर कल्याणी नदी पुल के पास संकरे मार्ग पर सोमवार रात तेज रफ्तार ट्रक और अर्टिगा कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में सराफा कारोबारी, पत्नी और दो पुत्रों समेत छह लोगों की मौत हो गई। कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए। जिनकी इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखचे उड़ गए। हादसे के बाद सड़क पर रात 10 बजे तक वाहनों की लंबी कतार लगी रही। डीएम शशांक त्रिपाठी व एसपी अर्पित विजयवर्गीय देर रात तक मौके पर जमे रहे। पुलिस के अनुसार फतेहपुर कस्बे के भाजपा नेता गिरधर गोपाल की नई कार (बिना नंबर) बुक कर कस्बे के ही मौलवीगंज निवासी सराफा कारोबारी प्रदीप रस्तोगी (55) सोमवार सुबह परिवार के साथ गंगा स्नान के लिए कानपुर के बिठूर गए थे। रात में लौटते समय जैसे ही उनकी कार कल्याणी नदी पुल के पास पहुंची, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई।



हादसे में प्रदीप रस्तोगी, पत्नी माधुरी रस्तोगी (52), पुत्र नितिन रस्तोगी (30), कृष्ण रस्तोगी (15), खड़ेहरा निवासी चालक श्रीकांत (40) व मोहम्मदपुर खाला निवासी बालाजी (45) की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार मोहम्मदपुर खाला निवासी इंद्र कुमार (60) व विष्णु गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। दोनों घायलों ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। टक्कर से हुआ जोरदार धमाकाः जैसे ही कल्याणी नदी पुल के पास रात करीब साढ़े नौ बजे ट्रक और अर्टिगा में आमने-सामने टक्कर हुई, तो पूरे इलाके में जोरदार धमाका हुआ। कुछ ही मिनटों में राहगीर और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन नजारा देखकर हर कोई सहम गया। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया था और उसमें शव फंसे पड़े थे।

स्थानीय निवासी रामसागर ने बताया कि हम लोग दौड़कर पहुंचे तो कार पहचान में नहीं आ रही थी। कुछ लोग मदद करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन किसी को छूने की हिम्मत नहीं हो रही थी। इस दौरान सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। पुलिस को भी घटनास्थल पर पहुंचने तक काफी मशक्कत करनी पड़ी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो शवों को बाहर निकाला गया।

# सीएम योगी का बड़ा निर्णय, चावल मिलों को नॉन हाइब्रिड धान कुटाई में 1 प्रतिशत रिकवरी छूट

लखनऊ (एजेंसी)



उत्तर प्रदेश सरकार ने धान कुटाई को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राज्य के अन्नदाता किसानों और राइस मिल संचालकों को बड़ी राहत प्रदान की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लिए गए इस फैसले के तहत नॉन हाइब्रिड धान की कुटाई पर राइस मिलों को 1 प्रतिशत रिकवरी छूट दी जाएगी। सरकार का यह कदम न केवल कृषि क्षेत्र को मजबूती देगा, बल्कि रोजगार और निवेश में भी वृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस निर्णय से प्रदेश के लगभग 13 से 15 लाख किसानों और 2000 से अधिक राइस मिल संचालकों को सीधा लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त योगी सरकार इस राहत पैकेज के अंतर्गत 167 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति भी प्रदान करेगी, जिससे राइस मिल उद्योग को उत्पादन लागत में राहत मिलेगी और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। सरकार का मानना है कि 1 प्रतिशत रिकवरी छूट से सरकारी स्तर पर धान खरीद और चावल प्रसंस्करण की प्रक्रिया और तेज होगी। इससे पीडीएस हेतु चावल की उपलब्धता प्रदेश के भीतर ही सुनिश्चित की जा सकेगी और अन्य राज्यों से चावल की रैक मंगाने की आवश्यकता कम होगी।

यह निर्णय राष्ट्रीय स्तर पर भी बचत सुनिश्चित करेगा। गौरतलब है कि सरकार हाइब्रिड धान की कुटाई पर पहले से ही 3 प्रतिशत रिकवरी छूट दे रही है, जिसके लिए वह प्रतिवर्ष लगभग 100 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति करती है। सरकारी अनुमान के अनुसार इस नीति से प्रदेश में लगभग 2 लाख अतिरिक्त रोजगार अवसर सुदृढ़ होंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम कृषि आधारित उद्योगों को गति देगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा।

# तेजस्वी यादव ने किया वादा, मकर संक्रांति को महिलाओं के खाते में भेजे जाएंगे 30,000 रुपए

पटना (एजेंसी)

बिहार में पहले चरण के मतदान से ठीक पहले राजद नेता तेजस्वी यादव ने एक बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि माताओं और बहनों की मांग के आधार पर बहुत जल्द उनकी सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद 'मां-बहिन मान योजना' के तहत महिलाओं के खाते में मकर संक्रांति के दिन एक ही बार में 30,000 रुपए भेजे जाएंगे। तेजस्वी ने यह भी स्पष्ट किया कि यह राशि केवल एक साल के लिए नहीं, बल्कि पांच साल तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अगर उनकी सरकार पूरी अवधि तक चलती है तो हर महिला को 5 साल में कुल 1.5 लाख रुपए का लाभ मिलेगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि जैसे ही उनकी सरकार का गठन होगा, वह मकर संक्रांति के दिन महिलाओं के अकाउंट में सीधा आर्थिक लाभ देने का काम शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पर्व दही-चूड़ा और तिल से जुड़ी परंपरा का प्रतीक है और इसी शुभ अवसर पर आर्थिक मदद भी महिलाओं तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा, 'हम आपको बताना चाहते हैं कि हमारी सरकार हमारी माताओं-बहनों की मांग पर बनने जा रही है। मकर संक्रांति के दिन, मां-बहिन मान योजना के तहत पूरे एक साल की 30,000 रुपए की राशि एक साथ महिलाओं के बैंक खातों में भेजी जाएगी। महंगाई के इस समय में यह मदद उनके लिए बहुत बड़ी राहत होगी। उन्होंने कहा, 'पूरे एक साल में 30 हजार रुपए होते हैं। पांच साल में यह 1.5 लाख रुपए बनता है। हर महीने 2,500 रुपए का लाभ महिलाओं को मिलेगा। राजद नेता ने पुराने वादों को याद दिलाते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने पहले भी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मजबूत कदम उठाने का वादा किया था। जीविका दीदियों को स्थायी करने और उन्हें 30,000 रुपए का मानदेय देने की बात पहले ही कही जा चुकी है। महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए चुनाव से ठीक पहले तेजस्वी यादव की इस घोषणा को महागठबंधन का मास्टर स्ट्रोक मन जा रहा है। अब देखना होगा कि एनडीए इससे कैसे निपटता है।



# न लालू प्रसाद का बेटा मुख्यमंत्री बनेगा, न सोनिया गांधी का बेटा प्रधानमंत्री : अमित शाह

दरभंगा (एजेंसी)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लालू प्रसाद और सोनिया गांधी का नाम लेते हुए 'परिवारवाद' पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जो नेता अपने बेटा-बेटी को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, वे युवा, गरीबों, किसानों और जीविका दीदी की चिंता नहीं कर सकते हैं। दरभंगा के जाले विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'लालू-राबड़ी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। मैं दोनों को कहना चाहता हूं कि न लालू-राबड़ी का बेटा मुख्यमंत्री बनेगा, न सोनिया गांधी का बेटा प्रधानमंत्री।' उन्होंने आगे कहा, 'बिहार में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने हुए हैं और दिल्ली में नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बने हुए हैं। इन लोगों (तेजस्वी यादव और राहुल गांधी) के लिए कुर्सी खाली नहीं है। दोनों जगह कोई वैकेंसी खाली नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा, 'जो नेता अपने बेटा-बेटी को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, क्या वे जाले के युवाओं की चिंता कर सकते हैं? क्या वे जीविका दीदी, किसान, गरीब और मछुआरा की चिंता कर सकते हैं? इन सभी लोगों की चिंता सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी और नीतीश कुमार कर सकते हैं। अमित शाह ने राहुल गांधी की 'बिहार यात्रा' पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, 'जाले में राहुल गांधी ने 'घुसपैठिया बचाओ' यात्रा निकाली। मैं कहना चाहता हूं कि देश में जितनी भी 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' निकालनी है, निकाल लो, हम घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने का काम करेंगे। बिहार का मुख्यमंत्री कौन होगा, ये सिर्फ यहां के लोग तय कर सकते हैं, बांग्लादेश के लोग तय नहीं कर सकते हैं।

# बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी, नीतीश कुमार की वापसी पक्की : गजेंद्र यादव

पटना (एजेंसी)

बिहार विधानसभा चुनाव के बीच छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री गजेंद्र यादव ने एनडीए की जीत का दावा करते हुए कहा कि बिहार में फिर नीतीश कुमार की सरकार बनेगी। पटना में बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों का विश्वास पीएम मोदी और नीतीश कुमार पर है। पिछली बार से ज्यादा बहुमत के साथ जीत हासिल करेंगे। गजेंद्र यादव ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि चुनाव से पहले महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपए रिश्वत के तौर पर दिए गए। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जहां भाजपा की सरकार है, वहां योजनाएं चल रही हैं। छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जा रही है। कांग्रेस भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के लिए जानी जाती है। देश और बिहार की जनता सब जानती है, जबकि भाजपा जो कहती है, वह करती है।



इस बार भी बिहार चुनाव को लेकर एनडीए ने जो संकल्प पत्र दिया है, उसमें लिखे एक-एक वादे को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ आरोप लगाती है, लेकिन जनता जानती है कि भाजपा वादों को पूरा करती है। गजेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में विकास की रफ्तार अभूतपूर्व गति से बढ़ी है। बिहार की जनता डबल इंजन की भाजपा सरकार बनाने के लिए उत्साह और विश्वास से भरपूर है। हमारा संकल्प स्पष्ट है। विकास, सुशासन और हर वर्ग की समृद्धि। उन्होंने आगे लिखा कि एनडीए सरकार ने बिहार में सड़क निर्माण, बिजली आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व सुधार किए हैं, जो आज हर घर, हर गली में महसूस किए जा रहे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव की 243 सीटों पर दो चरण में मतदान आयोजित कराए जाएंगे। मतदान संपन्न होने के बाद 14 नवंबर को चुनाव का परिणाम घोषित किया जाएगा।

# बिहार में एनडीए सरकार महिलाओं की समृद्धि की गारंटी : स्मृति ईरानी




पटना (एजेंसी)

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को यहां कहा कि एनडीए सरकार बिहार की स्वाभिमानी महिलाओं के समृद्धि की गारंटी है। उन्होंने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को लेकर कहा कि 1.30 करोड़ बहनों के खातों में 10 हजार रुपये की राशि पहुंच चुकी है और चुनाव के बाद दूसरे चरण में 2 लाख की राशि पहुंचाई जाएगी।

भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित एक प्रेस वार्ता में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से बल्कि सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त हो, इस दृष्टिकोण से भारतीय संसद ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक कानून पारित कर महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया। उन्होंने कहा, 'तब भी और अब भी महिलाओं के पुरजोर सशक्तीकरण के इस अध्याय का विरोध किया गया, लेकिन एनडीए सरकार ने इस कानून को पारित किया, यह हम कार्यकर्ताओं का गौरव है। उन्होंने आगे कहा कि एनडीए सरकार ने जनधन योजना के तहत बिहार की गरीब बहनों को देश की अर्थव्यवस्था और बैंकिंग फाइनेंशियल संस्थानों से जोड़ा। सरकार की तिजोरी से पैसा निकले तो सही हाथों तक पहुंचे, इस प्रयास को सफल होते बिहार की महिलाओं ने देखा। आज जन धन योजना से तीन करोड़ से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं। उन्होंने बिहार की महिलाओं से निवेदन करते हुए कहा कि अगर उस साए से एनडीए की सरकार ने बिहार को उबारा है, दहशतगर्दों को हराया है, महिला को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त किया है, एनडीए सरकार ने, तो फिर से एनडीए को समर्थन दें और स्वाभिमान और सम्मान के साथ बिहार का भविष्य रचें।

# बुलंदशहर में 'थूक जिहाद' का मामला : शादी समारोह में रोटियों पर थूक लगाकर परोसीं, आरोपी गिरफ्तार

बुलंदशहर (एजेंसी)

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में एक दलित परिवार के शादी समारोह में 'थूक जिहाद' का बेहद शर्मनाक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। पहासू थाना क्षेत्र के अटेरना गांव में विक्रम कुमार बाल्मीकि की बेटी की शादी के दौरान बारातियों के लिए तैयार की जा रही तंदूरी रोटियों पर थूक लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने आरोपी दानिश को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही समारोह स्थल पर सन्नाटा छा गया, जिसके बाद बारातियों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। चश्मदीदों के अनुसार, शादी का आयोजन धूमधाम से चल रहा था। विक्रम कुमार ने अपनी बेटी की शादी के लिए गांव के सभी लोगों को आमंत्रित किया था। दावत का समय होने पर मेहमान खाने के लिए इकट्ठा हुए, लेकिन तंदूर के पास काम कर रहे एक कारीगर ने हर रोटी को तंदूर में डालने से पहले अपने थूक से गीला किया, जो किसी ने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया।



**पुलिस ने आरोपी दानिश को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही समारोह स्थल पर सन्नाटा छा गया, जिसके बाद बारातियों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया**

वीडियो में साफ दिख रहा है कि आरोपी दानिश नाम का युवक बिना किसी हिचकिचाहट के यह घिनौना काम कर रहा था। वीडियो बनाने वाले शख्स ने बताया, 'मैं शादी में आमंत्रित था। वहां पहुंचा तो खाना परोसने का समय हो गया। तंदूर के पास जाकर देखा तो दानिश हर रोटी पर थूक रहा था। मैंने फोन निकाला और पूरा वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। यह देखकर सबके रोंगटे खड़े हो गए।' वीडियो वायरल होते ही समारोह में मौजूद सैकड़ों लोग भड़क उठे। उन्होंने खाने को फेंक दिया और आरोपी को घेर लिया। ग्रामीणों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। शिकायतकर्ता ने तहरीर में लिखा, 'मेरे गांव में विक्रम कुमार बाल्मीकि की लड़की की शादी थी, जिसमें मैं भी आमंत्रित था। मैंने वहां देखा कि रोटी बना रहे कारीगर दानिश पुत्र नजीर, निवासी मोहल्ला पठान टोला, पहासू, हर रोटी बनाते समय तंदूर पर थूक रहा था। मैंने इसकी वीडियो अपने फोन में कैद कर ली है।

इससे सर्व हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और सभी लोगों में आक्रोश है। कृपया सख्त कानूनी कार्रवाई करें। एफआईआर में भारतीय दंड संहिता की धारा 272 (खाद्य पदार्थों में मिलावट), 295-ए (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना) और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# यूपी में 400 करोड़ की टैक्स चोरी : दो मोबाइल नंबरों पर पंजीकृत करवाई 122 फर्जी फर्में, जांच में अफसर भी हैरान

मुरादाबाद (एजेंसी)

341 करोड़ की टैक्स चोरी की जांच के बीच सोमवार को राज्य कर विभाग ने 22 और फर्जी फर्में पकड़ी हैं। टैक्स चोरी के मास्टर माइंड और मुजफ्फरनगर के सौरभ मिश्रा की ईमेल की जांच में यह फर्में मिली हैं। इन 22 फर्में पर 149 करोड़ का कारोबार कर 61 करोड़ टैक्स चोरी की गई है। अब फर्जी फर्मों की कुल संख्या 144 हो गई है। जबकि टैक्स चोरी का आंकड़ा 400 के पार पहुंच गया है। प्रदेश की बड़ी जीएसटी चोरी की जांच में भ्रष्टाचार की परत दर परत उखड़ती जा रही हैं। अपर आयुक्त ग्रेड-1 अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों की टीमों ने सोमवार को भी लखनऊ के आरोपी मास्टर माइंड अंकित कुमार और मुजफ्फरनगर के सौरभ मिश्रा के ईमेल की जांच की। जांच के दौरान अधिकारियों को दिल्ली, बिहार, झारखंड, असम, पश्चिम बंगाल की 22 और फर्में प्रकाश में आई हैं। इस प्रकार बोगस फर्मों की संख्या बढ़कर 144 हो गई हैं। इन 22 फर्मों से आरोपियों ने 149 करोड़ के सामान का टर्नओवर किया गया है। इस हिसाब से टर्नओवर की धनराशि 1811 करोड़ की जगह बढ़कर 1960 करोड़ हो गई है। आशंका है कि जांच आगे बढ़ने पर जीएसटी चोरी का दायरा अभी और बढ़ेगा। पंजीयन कराने के लिए आरोपियों ने सीजीएसटी के सरल नियमों का फायदा उठाते हुए फर्जी अभिलेखों का प्रयोग किया है। इसके बाद आरोपियों ने फर्जी ई वे बिल और अभिलेखों के आधार पर केंद्र और राज्य सरकार को करोड़ों का चूना लगाया है। इस मामले में राज्य कर अधिकारियों ने विभाग के तकनीकी विशेषज्ञों को भी लगाया है। प्रदेश के प्रमुख सचिव स्तर से भी जांच की प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट ली जा रही है।

# नाबालिग से रेप का आरोपी पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, 25 हजार का था इनाम

हरदोई (एजेंसी)

उत्तर प्रदेश में हरदोई के पाली थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात पुलिस और 25 हजार के इनामी बदमाश में मुठभेड़ हो गई। इस दौरान जवाबी फायरिंग में बदमाश बीपी उर्फ कौशल के पैर में गोली लग गई। आरोपी नाबालिग से रेप के मामले में वांछित था। आरोपी कौशल पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। वह लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस को उसकी तलाश थी। सोमवार रात गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी इलाके में मौजूद है। पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपी ने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने भी गोली चलाई, जो उसके पैर में लग गई। पुलिस ने घायल अवस्था में आरोपी को गिरफ्तार कर अस्पताल भेज दिया है। मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने अवैध तमंचा, कारतूस और कुछ आपत्तिजनक सामान बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।



इस कार्रवाई को जिले में अपराध पर नियंत्रण की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है। सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण ने बताया कि काफी दिनों से पुलिस कौशल की तलाश कर रही थी, मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार किया गया। इसके ऊपर कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। साथ ही इसके साथियों को भी गिरफ्तार करने के लिए टीम का गठन किया जा रहा है। इससे पहले शनिवार को बरेली के आंवला थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हुई थी, जिसमें पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित आरोपी दानिश को गिरफ्तार किया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी बिलायतगंज के पास छिपा है। सूचना पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तो बाइक की लाइट देखकर आरोपी दानिश वहां से भागने लगा था। भाग रहे आरोपी को जब पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया तो उसने पुलिस पर फायर कर दिया था। सीओ ने बताया था कि दानिश के खिलाफ गैंगस्टर व आर्म्स एक्ट समेत 15 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी से तमंचा और कारतूस बरामद हुए थे।

# 'यहां एनडीए का दबदबा', लोगों ने विकास व बदलाव को सराहा, नालंदा में मुश्किल महागठबंधन की डगर!

नालंदा (एजेंसी)

नालंदा की धरती इन दिनों सिर्फ फसलों से नहीं, बल्कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के चुनावी जोश से भी लहलहा रही है। धान की खुशबू में अब राजनीति की महक घुल गई है, चौपालों पर बहस, गलियों में चर्चाएं और हर दिल में एक ही सवाल गूंज रहा है, नालंदा में लगा मानो लोकतंत्र की धड़कन यहीं सबसे तेज चल रही हो। कहीं उम्मीदों की आहट है, कहीं नारों की आवाज, और बीच में जनता, जो अपने वोट से बिहार के भविष्य की नई कहानी लिखने को तैयार है। वैसे भी नालंदा ज्ञान की भूमि रही है। सियासी रूप से देखें तो लंबे वक्त से सीएम नीतीश कुमार का यह क्षेत्र गढ़ रहा है।



**'डबल इंजन की सरकार ने यहां काफी काम किया है'**

सुबह चाय की चर्चा पर यहां के स्थानीय निवासी अर्पित कुमार सिन्हा कहते हैं कि कोई संशय नहीं है। एनडीए के प्रत्याशी की जीत तय है। केंद्र में एनडीए की सरकार है। यहां लंबे समय से नीतीश का प्रभाव रहा है। काम भी बहुत हुआ है। सड़कें अच्छी बनी हैं। विकास लोगों को दिखता है, इसमें कोई संशय नहीं है। पूरे बिहार में यातायात के लिए रोड की जरूरत थी, डबल इंजन की सरकार ने इसे पूरा किया है। पहले हम सड़कों पर चलते थे तो शाम तक जिला और राज्य मुख्यालय पर नहीं पहुंच पाते थे। आज तीन से चार घंटे में आप कहीं भी पहुंच सकते हैं। रोजगार के मुद्दों पर सिन्हा कहते हैं कि रोजगार का सृजन हुआ है। मेरे मोहल्ले में 50 लोगों को काम मिला है। एनडीए का दबदबा है।

**'लाठी की सरकार नहीं चाहिए'**

वहीं, अरुण कुमार कहते हैं कि यहां हृष्ठ के आलावा कोई नहीं दिख रहा है। अच्छी सरकार है। और इससे अच्छी कोई सरकार समझ में हमें नहीं आता है। लालू राज जैसे बुरे दिन हमने नहीं देखेगा। अगर नीतीश रहेंगे तो आने वाले समय में और भी बहुत कुछ होगा। लालू का सरकार लाठी की सरकार है। हम अब नहीं चाहते हैं कि उनकी सरकार आए। हम देख रहे हैं कि जो योग्य है वो कहीं न कहीं नौकरी पा ही लेता है। नौकरी करने में पलायन क्या बात है? यदि आप केंद्र के साथ काम करेंगे तो क्या दूसरे राज्य नहीं जाएंगे आप? तो ये कैसे पलायन हुआ।


**मल्टीपर्पस ट्रेडिंग एंड एजेंसीज लिमिटेड**

(CIN NUMBER- L70101DL2002PLC115544)

पंजी. कार्याः बी–1, कालंदी कॉलोनी, नई दिल्ली–110065

फोन/फैक्सः 011–26316162, 011–26919899

वेबसाइटः www.multipurposetrading.in

ई–मेलः info@multipurposetrading.in

**बोर्ड मीटिंग की सूचना**

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 47 के प्रावधान के अनुसार एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मल्टीपर्पस ट्रेडिंग एंड एजेंसीज लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक **शुक्रवार, 14 नवम्बर, 2025 को प्रातः 11:30 बजे** कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय डी–2, कालिंदी कॉलोनी, नई दिल्ली–110065 में आयोजित की जाएगी। बैठक में अन्य बातों के साथ–साथ 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों और मंडल/अध्यक्ष की अनुमति से किसी अन्य मामले पर विचार किया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी कंपनी की वेबसाइट **www.multipurposetrading.in** और स्टॉक एक्सचेंज **www.bseindia.com** पर भी उपलब्ध कराई जा रही है।

कृते मल्टीपर्पस ट्रेडिंग एंड एजेंसीज लिमिटेड

हस्ता./–

आशीष सिंह

प्रबंध निदेशक

दिनांकः 04/11/2025

स्थानः दिल्ली